Phone : 0591-2485594

संलग्नक-18

उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड

1-ए/आई.एन.एस.-1, आवास विकास कालोनी, बौद्ध विहार, दिल्ली रोड, मुरादाबाद

UTTAR PRADESH POLLUTION CONTROL BOARD

1-A/I.N.S.-1, Avas Vikas Colony, Baudha Vihar, Delhi Road, Moradabad

सन्दर्भ......877/D-25/सम्भल/15...... दिनांक....6/5/15.........

सेवा में,

अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि0/रा0),

सम्भल।

विषयः प्रस्तावित स्थल ग्राम–सराय ब्राहमण, तहसील–गुन्नौर, जिला–सम्भल के गाटा संख्या–29 पर रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में।

महोदया,

कृपया अपने पत्र संख्या–203/रीडर–अ0प्र0पत्र/2015 दिनांक 16.04.2015 का संदर्भ लेने का कष्ट करें। उक्त के सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि आपके द्वारा मैसर्स एस्सार ऑयल एण्ड गैस लिमिटेड, नोएडा द्वारा प्रस्तावित स्थल ग्राम–सराय ब्राहमण तहसील–गुन्नौर, जिला–सम्भल के गाटा संख्या–29 पर रिटेल आउटलेट (पेट्रोल पम्प) के निमार्ण हेतु आख्या चाही गयी है, के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि उक्त स्थल का निरीक्षण इस कार्यालय के वैज्ञा0सहा0, श्री विमल कुमार राजपूत एवं श्री राजीव कुमार, अनु0सहा0 द्वारा दिनांक 03.05.2015 को किया गया। निरीक्षण आख्या संलग्न है। निरीक्षण आख्या के अनुसार पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु इस कार्यालय को कोई आपत्ति नहीं है। बशर्ते कि भण्डारण से किसी भी प्रकार का उत्प्रवाह एवं उत्सर्जन जनित नहीं किया जायेगा। यदि जनरेटर की स्थापना की जाती है तो एकास्टिक एनक्लोजर एवं मानकों के अनुरुप एग्जास्ट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

आख्या अवलोकनार्थ सादर प्रेषित है।

भवदीय

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

(अजय शर्मा)

क्षेत्रीय अधिकारी

Head Office : Paryavaran Bhawan, T.C.-12 V, Vibhuti Khand, Gomti Nagar, Lucknow-22601

अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि० / रा०), सम्भल के पत्र संख्या–203 / रीडर–अ०प्र०पत्र / 2015 दिनांक 16.04.2015 के **संदर्भ में प्रस्तावित स्थल ग्राम–सराय ब्राहमण, तहसील–गुन्नौर, जिला–सम्भल के गाटा संख्या–29 पर मैसर्स एस्सार ऑयल एण्ड गैस लिमिटेड, नोएडा के पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में निरीक्षण आख्या :–**

उपरोक्त संदर्भ में प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण दिनांक 03.05.2015 को किया गया। स्थलीय निरीक्षण के समय निम्न तथ्य प्रकाश में आये :–

1. प्रस्तावित स्थल ग्राम–सराय ब्राहमण, तहसील–गुन्नौर, जिला–सम्भल के गाटा संख्या–29 पर स्थापित किया जाना प्रस्तावित है।
2. उक्त स्थल के दक्षिण दिशा में बदायूं–गुन्नौर रोड, उत्तर–पूरब दिशा में ग्राम–मडौली, दूरी लगभग 400 मीटर, दक्षिण–पूरब दिशा में ग्राम–सराय ब्राहमण, दूरी लगभग 250 मीटर तथा पूरब, पश्चिम तथा उत्तर दिशाओं में कृषि योग्य भूमि स्थित है।
3. प्रस्तावित स्थल पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य होता नहीं पाया गया।
4. उक्त प्रस्तावित स्थल पेट्रोल पम्प की स्थापना हेतु पर्यावरणीय दृष्टिकोण से उचित प्रतीत होता है।

उपरोक्त तथ्य एवं निरीक्षण आख्या अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है।

(राजीव कुमार)
अनु०सहा०

(विमल कुमार राजपूत)
वैज्ञा०सहा०

सहा०वैज्ञा०अधि० / क्षेत्रीय अधिकारी